# बिहार विधान सभा वादवृत्त

## मंगलवार, तिथि २५ अप्रिल १९५०

भारत के संविधान के उपबन्ध के अनुसार एकत्र विधान सभा का कार्य विवरण।

सभा का अधिवेशन पटने में मंगलवार तिथि २५ अप्रिल १९५० को ११ बजे पूर्वाह्न में माननीय अध्यक्ष श्री विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्म्मा के सभापतित्व में हुआ।

## गत अधिवेशन के अवशिष्ट प्रश्नों के १८० से २०५ तक के उत्तर।

## ANSWERS OF THE PENDING QUESTIONS FROM 180 TO 205 OF THE LAST SESSION.

माननीय डा० अनुग्रह नारायण सिंह—महोदय, गत अधिवेशन के ५६ प्रश्नों में २६ प्रश्नों का उत्तर मेज पर रखता हूं :

---

### चम्पारण और सारन के मिलों का जीरात।

१८०। श्री नन्दकिशोर नारायण सिंह :

क्या माननीय राजस्व मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि चम्पारण और सारन जिलों में निम्न व्यक्ति कितने एकड़ जीरात के स्वामी हैं :

(१) श्री राजनारायण लाल पीती, २०७, कलवा देवी रोड, बम्बई, हरनिगर मिल,

(२) बगहा चीनी मिल,

(३) नरकटियागंज चीनी मिल,

(४) मजह बलिया मिल,

(५) मोतिहारी मिल या श्री राजेश्वर लाल निपानी,

(६) मोतीपुर चीनी लिमिटेड,

(७) बिरला ब्रादर्स ( बन्धुओं ),

(८) बेतिया राज,

(९) हथवा राज, और

(१०) सिवबलिया मिल ( भारत चीनी मिल्स )?

श्री वीरचन्द्र पटेल :

रेवेन्यू डिपार्टमेंट को ट्रैक्टर से ताल्लुक है इसलिये वहाँ भेज दिया गया है ।

श्री बासुदेव प्रसाद सिंह :

चिट्ठी कब भेजी गयी ।

श्री वीरचन्द्र पटेल :

जैसे ही वहाँ से प्रस्ताव आया, वैसे ही वहाँ भेज दिया गया था, मगर निश्चित तारीख के लिये दूसरा प्रश्न पूछना चाहिये ।

---

## रेशम के सूते तथा कपड़े बुनने की मशीन ।

* ४७५ । श्री गौरीशंकर डालमियां :

क्या उद्योग विभाग के माननीय मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(क) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार ने रेशम के सूते और कपड़े बुनने की मशीन खरीदी है, यदि 'हां' तो किस देश से और कितने मूल्य में तथा किस फार्म से ;

(ख) इसके लाने तथा बैठाने में कितना खर्च लगेगा ;

(ग) क्या ये मशीनें बिलकुल नयी हैं, यदि नहीं, तो कितने वर्ष वे चल चुकी हैं ;

(घ) ये मशीनें कहां बैठाई जायगी, तथा कब वह बैठ सकेगी, और इसमें कब से माल तैयार होना शुरू होगा, तथा कितना माल सालियाना निकलेगा ?

श्री वीरचन्द्र पटेल :

(क) उत्तर नकारात्मक है ।

(ख), (ग) और (घ) का प्रश्न नहीं उठता है ।

---

## बोन पीसने की मशीन ।

* ४७६ । श्री गौरीशंकर डालमियां :

क्या उद्योग विभाग के माननीय मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

---

नोट । प्रश्न संख्या ४७३-४७४ स्थगित किए गए ।